an>

Title: Regarding starting air services from Kota, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, सरकार ने देश को हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिए अंतर्राज्यीय हवाई सेवाओं की पॉलिसी बनाई है जिससे निश्चित रूप से पूरे देश को हवाई सेवाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य होगा।

माननीय अध्यक्ष महोदया, कोटा राजस्थान का महत्वपूर्ण शहर है जहाँ पूरे देश के एक लाख से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ते हैं। उद्योग में भी कोटा स्टोन का बहुत बड़ा व्यापार है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से करबद्ध निवेदन है कि अंतर्राज्यीय हवाई सेवा पॉलिसी के अंतर्गत कोटा में हवाई सेवाएँ शुरू की जाएँ। यह कोटा की जनता की महत्वपूर्ण मांग है ताकि हम देश के प्रमुख शहरों से जुड़ सकें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।